विद्या सर्वार्थ साधिका

आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 1

कक्षा : दसवीं

विषय : हिंदी 'ब' (085) — अधिकतम अंक : 40

दिनांक: 20-07-2023 — समय : 1घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है: 'अ' और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न(उपप्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में चार वर्णनात्मक प्रश्न (उपप्रश्नों सहित) हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रमसंख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

## खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

सामाजिक प्रभाव और दबाव की उपेक्षा कर साहित्यकार एक कदम भी आगे नहीं चल सकता और यदि चलता भी है तो आवश्यक नहीं कि साहित्य पर समाज का यह प्रभाव सदैव अनुकूल हो| वह प्रतिकूल भी हो सकता है | कबीर की साखियों तथा प्रेमचंद के कथा साहित्य के अध्ययन से यही बात स्पष्ट होती है| कबीर ने अपने समय के धार्मिक बाह्याडम्बरों, सामाजिक कुप्रवृत्तियों, रूढ़ियों एवं खोखली मान्यताओं के विरोध में अपना स्वर बुलंद किया | निराला के साहित्य में ही नहीं, उनके व्यक्तिगत जीवन में भी यही संघर्ष बराबर बना रहा | प्रेमचंद की कहानियों और उपन्यासों में सर्वत्र किसी न किसी सामाजिक समस्या के प्रति उनकी गहरी संवेदना दिखाई देती है | अस्तु साहित्यकार अपने युग तथा समाज के प्रभाव से अपने को अलग भी रखना चाहे, तो कदापि नहीं रख सकता | साहित्य समाज का दर्पण होता है, किंतु इस कथन का आशय यह नहीं है कि साहित्यकार समाज का फ़ोटोग्राफ़र है और सामाजिक विद्रूपताओं, कमियों, दोषों, अंधविश्वासों और मान्यताओं का यथार्थ चित्रण करना उसका उद्देश्य होता है | साहित्यकार का दायित्व वस्तुस्थिति का यथातथ्य चित्रण मात्र प्रस्तुत कर देना ही नहीं, उसके कारणों का विवेचन करते हुए श्रेयस मार्ग की ओर तक ले जाना है | साहित्य युग और समाज का होकर भी युगांतकारी जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा कर सुंदर समाज का जो भी रूप हो सकता है, उसका रेखाचित्र प्रस्तुत करता है | उसमें रंग भरकर जीवंतता प्रदान कर देना पाठकों एवं सामाजिकों का कार्य होता है | इस प्रकार जीवन के शाश्वत मूल्यों की प्रतिष्ठा करने से साहित्यकार एक देशीय होकर भी सार्वदेशिक होता है |

(i) साहित्य पर समाज का प्रभाव होता है -

(क) अनुकूल (ख) मनोनुकूल (ग) प्रतिकूल (घ) अनुकूल अथवा प्रतिकूल

(ii) गद्यांश में कबीरदास जी की किस रचना का उल्लेख किया गया है ?

(क) साखी (ख) सबद (ग) रमैनी (घ) दोहा

(iii) धार्मिक आडंबरों , कुप्रवृत्तियों, रूढ़ियों इत्यादि के विरोध में किसने आवाज़ उठाई ?

(क) प्रेमचंद ने (ख) निराला ने (ग) कबीर ने (घ) बिहारी ने

(iv) प्रेमचंद की रचनाओं में किनके प्रति गहरी संवेदना देखने को मिलती है ?

(क) व्यक्तिगत समस्याओं के प्रति (ख) पारिवारिक समस्याओं के प्रति
(ग) आर्थिक समस्याओं के प्रति (घ) सामाजिक समस्याओं के प्रति

(v) 'शाश्वत' का अर्थ है -

(क) शास्त्र से संबंधित (ख) अत्यंत विद्वान (ग) सदा रहने वाला (घ) बहुत महत्त्व वाला

2. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (8X1=8)

(i) 'गुरुदक्षिणा ' में कौन-सा समास है ?
(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव (ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

(ii) 'देवासुर ' समस्तपद का सही समास विग्रह और भेद है -
(क) देव का सुर - तत्पुरुष समास (ख) देव में असुर - तत्पुरुष समास
(ग) देव रूपी असुर - कर्मधारय समास (घ) देव और असुर - द्वंद्व समास

(iii) 'चंद्र है शिखर पर जिसके' का समस्त पद है -
(क) शेखर चंद्र (ख) चंद्रशेखर (ग) चंद्रभाल (घ) चंद्रधर

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन -सा मिश्रित वाक्य नहीं है ?
(क) जो परिश्रम करता है उसकी पराजय नहीं होती |
(ख) हमारा आचरण ऐसा हो, जिसे लोग पसंद करें |
(ग) वे बीमार हैं अत: आ नहीं सकते |
(घ) माता -पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे अच्छे बनें |

(v) 'तूफ़ान के आते ही धरती काँपने लगी |' रचना की दृष्टि से वाक्य भेद है -
(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

(vi) 'शंकर आया | सब प्रसन्न हो गए |' वाक्यों का उपयुक्त संयुक्त वाक्य है -
(क) शंकर के आने से सब प्रसन्न हो गए
(ख) शंकर आया और सब प्रसन्न हो गए
(ग) जैसे ही शंकर आया वैसे ही सब प्रसन्न हो गए
(घ) शंकर के आते ही सब प्रसन्न हो गए

(vii) 'ऐरा-गैरा नत्थू खैरा - मुहावरे का अर्थ है-

(क) जिसे कोई पहचान ले
(ख) कोई भी महत्त्वहीन व्यक्ति
(ग) बेकार सवाल करने वाला
(घ) अनजान व्यक्ति

(viii) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कीजिए -

(क) घुड़कियाँ खाना - अकड़ दिखाना
(ख) सुध-बुध खोना - होश आना
(ग) तलवार खींचना - विरोध करना
(घ) गाढ़ी कमाई - मेहनत की कमाई

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (5X1=5)

(i) कबीर ने ईश्वर का निवास कहाँ बताया है ?

(क) हिमालय में
(ख) मंदिर - मस्जिद में
(ग) सृष्टि के कण-कण में
(घ) मानव देह में

(ii) कबीरदास क्यों दुखी हैं ?

(क) लोगों की निंदा के कारण
(ख) अज्ञानता के कारण
(ग) सच्ची भक्ति के कारण
(घ) संसार को मोह-माया के जंजाल में फँसा देख

(iii) बड़े भाई साहब किस मामले में जल्दबाज़ी से काम लेना पसंद नहीं करते थे ?

(क) शिक्षा के मामले में
(ख) उपदेश देने में
(ग) परिश्रम करने में
(घ) परीक्षा देने में

(iv) पुलिस ने बड़े-बड़े पार्कों और मैदानों को क्यों घेर लिया था ?

(a) लोग झंडा न फहरा सकें
(b) आतंकवादियों को पकड़ने के लिए
(c) गोरखे तथा सार्जेंट वहाँ घूम सकें
(d) लोग एकत्रित न हो सकें

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /कौन-से कथन सही है /सही हैं ?

(क) (a), (b)और (c)  (ख) (a) और (d)  (ग) केवल (c)  (घ) केवल (d)

(v) परीक्षा में पास हो जाने पर भी छोटे भाई की खुशी आधी क्यों हो गई ?

(क) क्योंकि उसे भाई साहब से डाँट पड़ गई थी |
(ख) क्योंकि उसे तेज भूख लग रही थी |
(ग) क्योंकि उसे अव्वल आने पर भी कोई भेंट नहीं मिली |
(घ) क्योंकि बड़े भाई साहब पुनः फेल होने पर रो पड़े थे |

## खंड- 'ब'

(3x3=9)

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए -

(i) बंगाल या कलकत्ता के नाम पर ऐसा कौन-सा आरोप लगा था जिसे मिटाने के लिए पूरे बंगाल ने एकजुट होकर इतिहास रच डाला ? स्पष्ट कीजिए |

(ii) परिश्रमी, बुद्धिमान और अध्ययनशील होने पर भी बड़े भाई साहब बार-बार असफ़ल क्यों हो जाते थे ?

(iii) बड़े भाई साहब का छोटे भाई के प्रति सख्त व्यवहार उचित था या अनुचित ? तर्क सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए |

(iv) कबीर ने अपने दोहे में 'हिरण' का उदाहरण किस संदर्भ में दिया है ? क्या आप कबीर के विचार से सहमत हैं ? अपना उत्तर स्पष्ट रूप से लिखिए |

5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में लिखिए - (3x1=3)

(i) महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण महंत के चरित्र की किस सच्चाई को उजागर करता है तथा आपके मन में इससे ठाकुरबारी जैसी संस्थाओं के प्रति कैसी धारणा बनती है ? स्पष्ट कीजिए |

(ii) संयुक्त परिवार में सुखपूर्वक रहने के लिए आप किन जीवन-मूल्यों को आवश्यक मानते हैं और क्यों ? 'हरिहर काका' पाठ के आलोक में उत्तर लिखिए |

6. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5x1=5)

(क) आधुनिक जीवन और प्राचीन ग्रंथ
- ग्रंथ हमारी अमूल्य धरोहर
- हमारे प्रेरणा-स्रोत
- जीवन पर प्रभाव
- निष्कर्ष

(ख) जहाँ चाह ,वहाँ राह
- इच्छा शक्ति से उत्साह और आत्मबल का उदय
- सच्ची लगन से कठिन कार्य संभव
- संकल्प शक्ति से बड़ी सफलताएँ
- उपसंहार

(ग) नैतिक मूल्यों के निर्माण में शिक्षक का महत्त्व
- शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका
- समाज और राष्ट्र के हितैषी
- शिक्षा का सही उद्देश्य
- नैतिक मूल्य में गिरावट/ निष्कर्ष

7. महिलाओं में अपने अधिकारों के प्रति जागरुकता कैसे बढ़े ? अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रसिद्ध समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए | (5x1=5)

अथवा

अपनी कॉलोनी में स्थित पार्क में फैली गंदगी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए नगर निगम के सफ़ाई निरीक्षक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए |